**खबर संक्षेप**

### धरे गये पांच जुआरी, 3800 रूपए किये जब्त

**कटनी।** पुलिस ने दो अलग-अलग क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए पांच जुआरियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से ताश के पत्ते और नगदी बरामद की है। जानकारी के अनुसार माधवनगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर झिंझरी स्थित बिलहरी मोड़ के पास बने यात्री प्रतीक्षालय में दबिश दी। यहाँ सार्वजनिक स्थान पर ताश के पत्तों के जरिए हार-जीत की बाजी लगा रहे दो युवकों को पकड़ा गया जिनमें राजा यादव 36 वर्ष निवासी मढिया मोहल्ला और छोटू बर्मन 42 वर्ष निवासी बर्मन मोहल्ला शामिल हैं। दोनो के पास से पुलिस ने मौके से 1950 रुपये नगद और 52 ताश के पत्ते जब्त किए हैं। इसी तरह बाकल थाना पुलिस ने बाकल के हाट बाजार में जुआ खेल रहे तीन आरोपियों को पकड़ा। जुआरियों में रामभजन लोधी 30 वर्ष, राजा सोनकर 26 वर्ष और ध्रुवलाल वंशकार 45 वर्ष शामिल हैं। पुलिस ने फड़ और पास से कुल 1850 रुपये नगद बरामद किए हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 13 जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

### विजय विश्वकर्मा ने संभाला बहोरीबंद थाने का प्रभार

**कटनी।** रविवार को विजय विश्वकर्मा ने बहोरीबंद थाना का कार्यभार संभाल लिया। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा पिछले दिनों की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत तत्कालीन थाना प्रभारी अखिलेश दहिया को लाइन अटैच और एक आरक्षक को निलंबित किया गया था, जिसके बाद यह पद रिक्त था। निरीक्षक विजय विश्वकर्मा का कुछ समय पूर्व ही स्थानांतरण जबलपुर से कटनी जिले में हुआ था और वे पुलिस लाइन में थे। पदभार ग्रहण करने के पश्चात निरीक्षक विजय विश्वकर्मा ने कहा कि क्षेत्र में भयमुक्त वातावरण तैयार करना और कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि थाने आने वाले हर फरियादी की सुनवाई होगी और उनकी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। अवैध गतिविधियों और अपराधियों के विरुद्ध पुलिस सख्त रुख अपनाएगी।

### चाकू लेकर घूम रहे युवक को किया गया गिरफ्तार

**कटनी।** चाकू लेकर किसी घटना को कारित करने की मंशा से घूम रहे एक युवक को रंगनाथनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार रंगनाथनगर पुलिस की टीम जब क्षेत्र में 'सेक्टर टू' चेक गश्त पर थी तभी मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक अवैध हथियार लेकर किसी वारदात की फिराक में घूम रहा है। सूचना की तस्दीक करते हुए पुलिस ने लखेरा स्थित सांई मंदिर के पास मैदान में घेराबंदी की। पुलिस ने मौके पर संदिग्ध अवस्था में घूम रहे एक युवक को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से धारदार चाकू बरामद हुआ। आरोपित की पहचान गौरव साहु 18 वर्ष पिता राकेश साहु, निवासी लखेरा के रूप में हुई। पुलिस ने चाकू को जब्त करते हुए आरोपी के विरुद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

### जिले में हार्वेस्टर के लिए 'स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम' अनिवार्य

**कटनी।** जिले में नरवाई जलाने की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष तिवारी ने फसल कटाई हेतु उपयोग होने वाले कम्बाईन हार्वेस्टर में स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम लगा होना अनिवार्य कर दिया है। कलेक्टर ने आदेश में कहा है कि यदि हार्वेस्टर में स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम नहीं है तो हार्वेस्टर मालिक को बेलर की व्यवस्था करनी होगी ताकि फसल अवशेषों का प्रबंधन किया जा सके। आदेश का पालन न करने पर संबंधित हार्वेस्टर मालिक पर दण्ड अधिरोपित करने की कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर श्री तिवारी के संज्ञान में यह बात लाई गई थी कि जिले में फसल कटाई (खरीफ में धान और रबी में गेहूं) में उपयोग होने वाले हार्वेस्टर बिना 'स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम' के संचालित हो रहे हैं।

**मालवाहक व आटो में ओवरलोड सवारियों के चलते कई बार हो चुकी दुर्घटनाएं**

# चालकों की मनमानी या जिम्मेदारों की उदासीनता, जोखिम भरा सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

यातायात नियमों को दरकिनार कर थोड़े ज्यादा पैसों की लालच में वाहन चालक लोगों को जोखिम भरा सफर करा रहे हैं। शहर सहित ग्रामीण अंचलों में मालवाहक वाहनों एवं तिपहिया वाहन चालक मनमाने ढंग से लोगों की जान खतरे में डालने से भी नहीं हिचकिचाते हैं। हैरानी तो यह है कि ओवरलोड व नियम विरूद्ध तरीके से लोगों को गंतव्य तक पहुंचाने वाले वाहन चालकों पर पुलिस व यातायात अमला सक्रियता के साथ कार्यवाही नहीं करता। कभी कभार ऐसे वाहन चालकों पर कार्यवाही होती है।



#### ग्रामीण अंचलों में अधिक मनमानी

खासकर जिले के ग्रामीण अंचलों में आटो ओवरलोड सवारियां भर कर फर्राटे के साथ चल रहे हैं। अपने लाभ के लिये वाहन चालक यात्रियों के जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। कई चालकों द्वारा तो रजिस्ट्रेशन व परमिट के बगैर ही ओवरलोड सवारियां भरकर वाहन दौड़ा रहे हैं। कई बार तो नाबालिगों को भी आटो रिक्शा चलाते देखा जा सकता है। अक्सर हादसों के बाद ही जिम्मेदारों का आंखें खुलती है।

#### कई बार हो चुके हैं हादसे

ग्रामीण क्षेत्र में साधनों की कमी के चलते लोग मजबूरी में ऑटो, लोडर में सफर जान जोखिम में डालकर कर रहे हैं। हैरानी की बात तो यह है शहर से लेकर गांव तक बेपरवाही का आलम जारी है, लेकिन पुलिस प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। यदा-कदा चालानी कार्रवाई का कोरम तो पूरा कर लिया जा रहा है, लेकिन हादसों पर लगाम लगाने कोई पहल नहीं हो रही। सड़क हादसों को रोकने के लिए सिर्फ सड़क सुरक्षा सप्ताह सहित बैठकों में मंथन की औपचारिकता तक सीमित रहता है। जिले में ओवरलोड आटो व लोडर वाहन कई बार हादसे का शिकार हो चुके हैं जिनमें लोगों की जान तक चली गई है बावजूद इसके ओवरलोड वाहन सरपट दौड़ रहे हैं जिसके चलते हादसे हो रहे हैं और सड़कें खूनी बनती जा रही हैं।

#### लोडर वाहनों में भी ओवरलोड

शहर के आसपास व ग्रामीण क्षेत्र में सवारी व लोडर वाहन चालक मनमानी कर रहे हैं। कई बार तो वाहन चालक नशे की हालत में फर्राटा भरते हैं। साधनविहीन मार्गों में आटो व लोडर वाहन चालक मौके पर फायदा उठाकर ओवरलोड सवारियां बैठाते हैं। इस दौरान सवारियों को जहां दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। वहीं हर समय दुर्घटना होने का भी डर बना हुआ है। इसके लिए जिम्मेदार कार्यवाई करने की बजाय मौन साधे हुए हैं। मजदूरों व श्रमिकों को भेड़ बकरियों की तरह मालवाहक वाहनों में भर कर सफर कराया जाता है।



## फील्ड इन्वेस्टिगेटर जांचेंगे विद्यार्थियों की बुनियादी दक्षता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में डाइट कटनी में फाउंडेशनल लर्निंग स्टडी के मुख्य आंकलन हेतु फील्ड इन्वेस्टिगेटर का उन्मुखीकरण सम्पन्न हुआ। इस स्टडी के अंतर्गत कक्षा 3 के विद्यार्थियों का हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा विकास तथा गणित की बुनियादी दक्षताओ में आकलन किया जायेगा। साथ ही शिक्षक तथा छात्र प्रश्नावली का उपयोग करते हुए स्कूलों के शैक्षिक स्वास्थ्य का आंकलन किया जायेगा।

#### होंगे सुधारात्मक उपाये

आंकलन के पश्चात एनसीईआरटी द्वारा बच्चों के प्रदर्शन का विश्लेषण करते हुए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्य प्राप्त करने हेतु सुधारात्मक उपाय किए जायेंगे।

**प्रशिक्षित ट्रेनर्स को दिया गया अकादमिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण**

डाइट कटनी में आयोजित उन्मुखीकरण में राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा प्रशिक्षित ट्रेनर्स वरिष्ठ व्याख्याता राजेन्द्र असाटी, एपीसी सुबरन राजपूत, जिला प्रोग्रामर सुमंत ताम्रकार द्वारा एफआई को अकादमिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरी, डीपीसी पी एन तिवारी एवं डाइट प्राचार्य एम पी डुंगडुंग द्वारा मुख्य स्टडी के दौरान चयनित शालाओं में विद्यार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

**सोलर पैनल लगाकर स्वयं की बिजली का कर रहे हैं उत्पादन**

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से रोशन हो रहे 1260 उपभोक्ताओं के घर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

म.प्र. शासन द्वारा पीएम सूर्य घर योजना का संचालन किया जा रहा है। जिससे उपभोक्ता किफायती दरों में अपने घर पर सोलर पैनल लगाकर स्वयं बिजली का उत्पादन कर रहे हैं।



कटनी जिलें में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से सभी घरेलू उपभोक्ताओं को सोलर पैनल लगाने का लाभ प्रदान किया जा रहा है। उपभोक्ताओं को 1 से 2 किलोवाट के सोलर पैनल लगाने पर प्रति किलोवाट 30 हजार या इससे अधिक सोलर पैनल क्षमता की स्थापना पर पहले 2 किलोवाट के लिए प्रति किलोवाट 30 हजार एवं तीसरे किलोवाट के लिए 18 हजार रूपये की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। जिसमें 3 किलोवाट में कुल 78 हजार की सब्सिडी प्रदान की जा रही है।

सोलर पैनल लगाने पर ऋण की सुविधा भी उपलब्ध है। जिसमें उपभोक्ता के द्वारा 10 प्रतिशत मार्जिन मनी जमा करने पर 90 प्रतिशत तक का लोन प्रदान किया जाता है। जिससे बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं के द्वारा ऋण लेकर सोलर लगवाया जा रहा है। उपभोक्ताओं को सौर उर्जा के प्रति जागरूक करने एवं सौर उर्जा हेतु प्रेरणा स्वरूप विभागीय स्तर से 3500 उपभोक्ताओं के सर्वे एवं रजिस्ट्रेशन का कार्य भी किया है।

कटनी जिलें में कुल 1260 उपभोक्ताओं के द्वारा अब तक सोलर पैनल के कनेक्शन प्राप्त कर लिये गये हैं एवं 278 उपभोक्ताओं के द्वारा रजिस्ट्रेशन एवं अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। सोलर उर्जा को स्थापित करने में जो लागत आती है। सोलर पैनल की अवधि लगभग 25 वर्ष है। जिससे उपभोक्ता लगभग मुफ्त बिजली प्राप्त करते हुए आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकता है।

#### सोलर लगाने के फायदे

सोलर सिस्टम लगाने से बिजली का बिल लगभग शून्य या बहुत कम हो जाता है। सरकार की पीएम सूर्य घर योजना के तहत 1 से 3 किलोवाट का सिस्टम लगवाने पर 30 हजार रूपये से 78 हजार रुपये तक की सब्सिडी मिलती है। एक बार का निवेश लगभग 25 से 30 वर्षों तक बिजली प्रदान करता है। बैटरी के साथ सोलर सिस्टम का उपयोग करने से पावर कट के दौरान भी बिजली बनी रहती है। साथ ही इसके उपयोग से उर्जा के गैर नवीनीकृत स्त्रोतों कि बचत होती है और नवीकरणीय उर्जा का उपयोग होता है।

**कलश शोभायात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ**



उमरियापान नगर के चण्डी माता मंदिर के पास श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ कलश शोभायात्रा के साथ किया गया। शोभायात्रा में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। कथा का वाचन छोटी पोंडी के प्रसिद्ध कथावाचक पंडित बालमुकुंद पौराणिक द्वारा किया जा रहा है। अपने प्रवचनों के दौरान उन्होंने भागवत महात्म्य, राजा परीक्षित का जन्म, ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र तथा वामन अवतार की कथा का विस्तार से वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। इस मौके पर यजमान रामकुमार चौरसिया ,विजय लक्ष्मी चौरसिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रही।सभी ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ कथा श्रवण किया।

## पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक कल

**सीईओ ने अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होने अधिकारियों को दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर की अध्यक्षता में पंचायत एवं ग्रामीण विकास की विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक मंगलवार, 7 अप्रैल को दोपहर 2.30 बजे से जिला पंचायत के सभागार में आयोजित होगी। सुश्री कौर द्वारा बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग एवं समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में महिला एवं बाल विकास और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत अपूर्ण आंगनवाड़ी भवनों, वाटर हार्वेस्टिंग, जल जीवन मिशन के कार्यों और पेयजल की उपलब्धता आदि की समीक्षा, मनरेगा, योजना विभाग,पंचायत (निर्माण),15वां वित्त, मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम (एमडीएम) /शिकायत शाखा, मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन,प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण की समीक्षा की जाएगी।

आयोजित समीक्षा बैठक में जिला पंचायत के समस्त शाखा प्रभारी, सहायक यंत्री, उपयंत्री, एपीओ / एएओ मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं स्वच्छ भारत मिशन के सभी विकासखंड समन्वयक,ब्लॉक मैनेजर एनआरएलएम,समस्त सीडीपीओ महिला एवं बाल विकास,एसडीओ पीएचई और समस्त जनपद शिक्षा केंद्र के विकासखंड स्त्रोत समन्वयक को निर्धारित एजेंडा के अनुसार अद्यतन जानकारी सहित नियत समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

**विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत राशि अंतरित**

## 9 हजार 886 हितग्राहियों के खाते में 59.19 लाख रुपये राशि हुई अंतरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य शासन एवं सामाजिक न्याय विभाग द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत माह मार्च 2026 में नगर निगम कटनी सीमांतर्गत निवासरत कुल 9 हजार 866 पात्र हितग्राहियों को 59 लाख 19 हजार 600 रुपये की पेंशन राशि उनके राष्ट्रीयकृत बैंक खातों में अंतरित की गई।

नगर निगम के योजना प्रभारी सनद विश्वकर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत 3066 हितग्राहियों को 18 लाख 39 हजार 600 रुपये अंतरित किए गए। वहीं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के 2271 हितग्राहियों को 13 लाख 62 हजार 600 रुपये तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निशक्त पेंशन योजना के 183 हितग्राहियों को 1 लाख 9 हजार 800 रुपये की पेंशन राशि उनके खातों में की गई।



मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना के तहत 44 हितग्राहियों को 26 हजार 400 रुपये अंतरित किए गए। मानसिक बहुविकलांग पेंशन योजना में 285 हितग्राहियों को 1 लाख 71 हजार रुपये तथा सामाजिक सुरक्षा वृद्धाश्रम पेंशन योजना के 127 हितग्राहियों को 76 हजार 200 रुपये की राशि अंतरित की गई। इसी प्रकार सामाजिक सुरक्षा परित्यक्ता पेंशन योजना के 61 हितग्राहियों को 36 हजार 600 रुपये तथा सामाजिक सुरक्षा निशक्त पेंशन योजना के 1250 हितग्राहियों को 7 लाख 50 हजार रुपये की पेंशन राशि प्रदान की गई।

इसी क्रम में सामाजिक सुरक्षा दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन राशि योजना के अंतर्गत 281 हितग्राहियों को 1 लाख 68 हजार 600 रुपये, मुख्यमंत्री अविवाहित पेंशन योजना के 24 हितग्राहियों को 14 हजार 400 रुपये तथा मुख्यमंत्री कल्याणी पेंशन योजना के 2,274 हितग्राहियों को 13 लाख 64 हजार 400 रुपये की पेंशन राशि उनके बैंक खातों में अंतरित की गई।

उल्लेखनीय है कि उपरोक्त सभी मासिक पेंशन योजनाओं में प्रति हितग्राही प्रतिमाह 600 रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है। वहीं राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राही को एकमुश्त 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

**सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए वरदान बनेगी 'पीएम राहत योजना'**

## अब बिना पैसों के होगा 1.5 लाख रूपये तक का मुफ्त इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सड़क दुर्घटनाओं के दौरान 'गोल्डन ऑवर' (दुर्घटना के बाद का पहला घंटा) में पीड़ितों की जान बचाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा सड़क दुर्घटना पीड़ितों का नकदी रहित उपचार स्कीम (पीएम राहत) शुरू की गई है। इस योजना के तहत अब दुर्घटना का शिकार हुए किसी भी व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती होने के लिए तुरंत पैसों की चिंता नहीं करनी होगी।

#### योजना की मुख्य विशेषताएं

प्रत्येक पीड़ित को दुर्घटना की तारीख से 7 दिनों तक अधिकतम 1.5 लाख रूपये तक का कैशलेस इलाज मिलेगा। योजनांतर्गत आयुष्मान भारत से जुड़े सभी अस्पताल और योजना में विशेष रूप से नामांकित अन्य अस्पताल इस सेवा को प्रदान करेंगे। अस्पताल को पूर्व-प्राधिकरण का इंतजार किए बिना तुरंत उपचार शुरू करना होगा।

इस योजना के तहत पुलिस की प्राथमिकता पीड़ित को अस्पताल पहुँचाना होगी। पुलिस अधिकारी मौके पर पहुँचकर 'इलेक्ट्रॉनिक विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट' पर विवरण भरेंगे, जिससे पीड़ित की एक यूनिक आईडी बनेगी। यदि पीड़ित सीधे अस्पताल पहुँचता है, तो पुलिस को 24 घंटे के भीतर पुष्टि करनी होगी कि वह वास्तविक सड़क दुर्घटना का शिकार है। पुलिस पीड़ित की पहचान स्थापित कर उसके परिवार को सूचित करने का प्रयास करेगी।

कोई भी व्यक्ति सड़क दुर्घटना की सूचना देने के लिए आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली 112 हेल्पलाइन पर डायल कर सकता है। 112 पर उत्तरदाता कॉल करने वाले को निकटतम नामित अस्पताल का विवरण प्रदान करेगा और दुर्घटना स्थल पर क्षेत्राधिकार वाले पुलिस स्टेशन को भी विवरण अग्रेषित करेगा।

यदि कोई नेक व्यक्ति या पीड़ित या पीड़ित का परिवार दुर्घटना की रिपोर्ट 112 पर करने का निर्णय लेता है, तो वे 112 ऑपरेटर को दुर्घटना के बारे में प्रारंभिक विवरण प्रदान करेंगे। इसके बाद 112 ऑपरेटर दुर्घटना स्थल जिस पुलिस स्टेशन के क्षेत्राधिकार में आता है, उसे दुर्घटना स्थल, पीड़ित या पीड़ितों का विवरण और नामित अस्पताल का विवरण भेजेगा। यदि पीड़ित पुलिस सहायता के बिना अस्पताल पहुंचता है, तो नामित अस्पताल ट्रांजेक्शन मैनेजमेंट सिस्टम (टीएमएस) पर उपचार आईडी बनाएगा। टीएमएस पर बनाई गई यह आईडी टीएमएस और इलेक्ट्रॉनिक विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट के बीच एपीआई इंटरफेस के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से जिला पुलिस को भेजी जाएगी।

योजना के तहत नामांकित अस्पताल 7 दिनों तक 1.5 लाख रूपये तक का पूरा पैकेज देंगे। यदि मामला जानलेवा है, तो पुलिस की पुष्टि से पहले ही इलाज के सारे पैकेज अनलॉक कर दिए जाएंगे। वहीं गैर-नामांकित अस्पताल जो इस स्कीम के तहत नामांकित नहीं हैं, उन्हें भी स्वास्थ्य सुविधा रजिस्ट्री आईडी के माध्यम से के ट्रांजेक्शन मैनेजमेंट सिस्टम में पंजीकरण कराने पर सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए उपचार की अनुमति दी जाएगी।

## रहस्यमय तरीके से 61 बकरियों की मौत, पशुपालक ने मुआवजा देने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी

सिलौड़ी चौकी क्षेत्र के कचनारी गांव में रहस्यमय तरीके से 61 बकरियों की मौत हो गई। महज दो घंटे के भीतर पूरा झुंड खत्म होने से इलाके में सनसनी मच गई। मझगांव के रहने वाले 42 वर्षीय दरबारी लाल यादव लंबे समय से बकरी पालन कर अपने परिवार का पेट पाल रहे थे। दरबारी लाल ने बताया कि रोज की तरह उनकी बकरियां चरने गई थीं, तभी एक बाहरी बकरी उनके झुंड में शामिल हो गई। जब बकरियां घर नहीं लौटीं तो वे उन्हें ढूंढते हुए खेत पहुंचे, जहां छोटे बच्चों समेत सभी 61 बकरियां मृत अवस्था में मिलीं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे पशु डॉक्टर ने शुरुआती जांच में किसी घातक संक्रामक बीमारी की आशंका जताई है। डॉक्टर्स का मानना है कि बाहरी बकरी के आने से संक्रमण तेजी से फैला होगा। हालांकि इतनी बड़ी संख्या में अचानक हुई मौतों को लेकर ग्रामीणों में तरह तरह की चर्चाएं हो रही हैं। इस भारी क्षति पर किसान दरबारी लाल ने सिलौंडी पुलिस चौकी में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। दरबारी लाल ने कहा



कि बकरियां ही मेरी कमाई का इकलौता जरिया थीं। इस घटना ने मुझे सड़क पर ला खड़ा किया है। प्रशासन से अपील करता हूं कि इसकी निष्पक्ष जांच हो और मुझे मुआवजा दिया जाए ताकि मैं अपने परिवार का पेट पाल सकूं।

ग्रामीणों ने भी जिला प्रशासन और पशुपालन विभाग से मांग की है कि क्षेत्र के अन्य मवेशियों को बचाने के लिए तुरंत डॉक्टरों की टीम भेजी जाए। साथ ही, पीड़ित किसान को तत्काल आर्थिक सहायता देने की पुरजोर मांग उठाई गई है ताकि उसे इस बड़े संकट से उबारा जा सके।

खबर संक्षेप

### पशु चारे का जिले की सीमा के बाहर निर्यात प्रतिबंधित

**कटनी।** जिले में आगामी माहों में पशु चारा एवं भूसा की उपलब्धता बनाये रखने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारीने समस्त प्रकार के पशु चारा कडवी (ज्वार के डण्ठल), पैरा (धान के डण्ठल), गेहूँ का भूसा, घास, तथा पशुओं द्वारा खाये जाने वाले चारे की अन्य किस्मों के कटनी जिले की सीमा के बाहर निर्यात पर तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक के लिये प्रतिबंधित कर दिया है। कलेक्टकर श्री तिवारी ने जारी आदेश में कहा है कि कोई भी कृषक, व्यापारी या व्यक्ति निर्यातक, किसी भी प्रकार के वाहन (नाव, मोटर, रेल, ट्रक, यान, बैलगाडी अथवा पैदल) द्वारा कटनी जिले से अन्य जिलों में कलेक्टर की अनुज्ञा पत्र के बिना पशु चारे का निर्यात नहीं करेगा। इसके अतिरिक्त कोई भी व्यक्ति पशु चारे के निर्यात करने का प्रयास नहीं करेगा तथा निर्यात करने का दुष्प्रेरण नहीं करेगा।यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

### 32 जल स्रोतों की सफाई, 173 ट्यूबवेल का सुधार कार्य

**कटनी।** नगर निगम कटनी द्वारा शहरवासियों को स्वच्छ और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए रोजाना किए जाने वाले प्रयासों में गति लाकर प्राथमिकता के साथ शिकायतों का निराकरण करने के प्रयास अनवरत जारी है। जल प्रदाय शाखा के उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव ने बताया कि इसी कड़ी में सभी वार्डों में पेयजल आपूर्ति की गुणवत्ता जांचने हेतु परीक्षण अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में रविवार को नगर के विभिन्न स्थलों विवेकानंद वार्ड, महात्मा गांधी वार्ड, विश्राम बाबा वार्ड,बाबू जगजीवन राम वार्ड, संत कंवरराम वार्ड सहित नगर के अन्य वार्डों में सिटी सप्लाई के दौरान निरीक्षण किया जाकर पेयजल के सैंपल एकत्रित करने की कार्यवाही कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए। निगम प्रशासन का कहना है कि नागरिकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पानी की नियमित जांच की जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की समस्या सामने आने पर तत्काल सुधार किया जा सके। निगम प्रशासन द्वारा अभियान प्रारंभ होने से लेकर आज तक लगभग 32 जल स्रोतों की सफाई के साथ ही 173 ट्यूबवेल का किया गया जा चुका सुधार कार्य किया जा चुका है। 1156 से अधिक पाइप लाइन लीकेज की समस्या का निराकरण सुधार कराकर किया गया है।

### चार वार्डों में फागिंग मशीन से छोड़ा गया रासायनिक धुआं

**कटनी।** मच्छर जनित बीमारियों पर नियंत्रण हेतु नगर निगम प्रशासन द्वारा रोजाना नगर के विभिन्न स्थलों में फॉगिंग अभियान चलाकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार नगर के चार वार्डों में फागिंग मशीन के माध्यम से रासायनिक धुआं कर मच्छरों के नियंत्रण हेतु कार्यवाही की गई। निगम अमले द्वारा शाम के समय गणेश प्रसाद मसूरहा वार्ड, जालपा देवी वार्ड, महात्मा गांधी वार्ड और जयप्रकाश वार्ड के मुख्य एवं अन्य मार्गों में ई रिक्शा वाहन में फागिंग मशीन रखकर रासायनिक धुआं का छिड़काव कर डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों के फैलाव पर प्रभावी नियंत्रण के प्रयास किए गए।

नगर के तीन वार्डों में सड़क, नाली एवं खेल मैदान में बाउंड्रीवाल का निर्माण

# सुविधाओं की सौगात : 72 लाख के विकास कार्यों की रखी गई आधारशिला

हरिभूमि न्यूज कटनी

विधायक संदीप जायसवाल की अनुशंसा पर स्वीकृत मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास निधि अंतर्गत नगर के विकास कार्यों एवं बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए नगर निगम को प्राप्त राशि से रविवार को शहर के तीन वार्डों में करीब 72 लाख रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन भव्यतापूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ।

नगर निगम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के तहत गणेश प्रसाद मसुरहा वार्ड में 13 लाख रुपये की लागत से सीसी नाली निर्माण, इंदिरा गांधी वार्ड में 17 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड निर्माण एवं 15 लाख रुपये की लागत से सीसी नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ। वहीं रवीन्द्रनाथ टैगोर वार्ड में 27 लाख रुपये की लागत से खेल मैदान की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य का भूमिपूजन पूर्ण विधि विधान के साथ स्थानीय नागरिकों के हस्ते संपन्न हुआ।

विधायक श्री जायसवाल ने नगर के विभिन्न वार्डों के विकास हेतु राशि स्वीकृत



किए जाने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सड़क, नाली एवं खेल मैदान में बाउंड्रीवाल निर्माण से न केवल बुनियादी सुविधाएं सुदृढ़ होंगी, बल्कि खेल गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। विधायक श्री जायसवाल ने शासन द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं एवं नगर में कराए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों ब्रिज निर्माण, बाईपास, महिला कॉलेज, जागृति पार्क, कंप्यूटर लेब, खेल मैदान, कॉलेज, स्कूल, सहित नगर के अन्य विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि विकास कार्य एक रुपता के साथ कराए जा सकें इसलिए अलग अलग अंग पार्षद, मेयर, विधायक और सांसद के रूप में बनाए गए है। उसी के हिसाब से अलग अलग विकास कार्यों की श्रेणियां एवं अधिकारिता चिन्हित की गई है। विधायक श्री जायसवाल ने कहा कि नगर के सभी वार्डों में एकरूपता से विकास कार्य कराए जा सके इस हेतु मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा 4.5 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है नगर में आगे भी विकास कार्यों का यह सिलसिला निरंतर जारी रहेगा।

निगमाध्यक्ष मनीष पाठक ने नगर विकास के लिए शासन स्तर से नगर निगम को निधि स्वीकृत किए जाने पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं विधायक श्री जायसवाल के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नगर के सभी वार्डों में निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं, जिससे नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं का बेहतर लाभ मिल सके। श्री पाठक ने क्षेत्रीय नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि विकास कार्यों के दौरान सहयोग प्रदान करें तथा निर्धारित स्थानों पर ही कचरा डालकर नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

भूमिपूजन करने पहुंचे विधायक श्री जायसवाल, निगमाध्यक्ष श्री पाठक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा जोरदार स्वागत करते हुए वार्ड विकास हेतु आगे भी इसी तरह से सहयोग प्रदान करने की बात कही।

# जिले में 12613 किशोरियों को एचपीवी टीका लगाने का है लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने किशोरी बालिकाओं के माता-पिता,पालकों और अभिभावकों से आग्रह किया है कि एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित, प्रभावी और वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित है। यह बाजार में लगभग 4 हजार रुपये की आती है, लेकिन शासन द्वारा इसे निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। इसलिये सभी पालक व अभिभावक अपनी 14 से 15 वर्ष की बेटियों को एचपीवी टीका अवश्य लगवायें।वैक्सीन का एक टीका गर्भाशय एवं ग्रीवा कैंसर के प्रति भविष्य में बेटियों को जीवनभर की सुरक्षा की गारंटी देगा और उन्हें गंभीर रोग से बचाएगा।

कटनी जिले में किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एचपीव्ही(ह्यूमन पैपिलोमा वायरस)के टीकाकरण अभियान की शुरूआत 28 फरवरी को की गई। इस दिन कलेक्टर श्री तिवारी की मौजूदगी में जिला चिकित्सालय में तीन बालिकाओं क्रमशः श्रृष्टि सोनी, खुशी पांडेय और मंदाकिनी कोल को टीकाकरण कर शुरुआत की गई थी।कलेक्टर श्री तिवारी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हो गया है। अधिकाशतः 14-15 वर्ष की किशोरी बालिकायें कक्षा 8वीं, 9वीं,10 वीं में अध्ययनरत होती हैं। इन्हें सवाईकल कैंसर की बीमारी और इससे बचाव तथा एचपीव्ही टीकाकरण के प्रति जागरूक और प्रोत्साहित करें।कलेक्टर श्री तिवारी ने राजस्व विभाग के सभी अनुविभागीय अधिकारियों को विकासखंडवार खण्ड चिकित्सा अधिकारियों, महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारियों, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों और बीआरसी के साथ बैठक आयोजित कर एचपीव्ही टीकाकरण के लक्ष्य प्राप्ति हेतु कार्ययोजना बनाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

### 5724 को लगा टीका

जिले को एचपीवी टीकाकरण के लिए मिले 12 हजार 613 लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 5 हजार 724 किशोरी बालिकाओं को एचपीवी टीका लगाया जा चुका है। टीकाकरण के मामले में जिले में कटनी नगर 80 फीसदी लक्ष्य हासिल कर अव्वल स्थान पर है। जबकि बरही दूसरे और ढीमरखेड़ा तीसरे स्थान पर है। इसी प्रकार मुड़वारा चौथे और रीठी पांचवें स्थान पर है।जबकि विजयराघवगढ़ और बड़वारा अंतिम स्थान पर है।

डीईजी ने कंट्रोल रूम में समीक्षा बैठक में प्रभावी कार्यवाही के दिये निर्देश

# नशे के अवैध कारोबार की चैन तोड़ने सख्त कार्यवाही करने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज कटनी

पुलिस उप महानिरीक्षक जबलपुर रेंज अतुल सिंह ने कटनी जिले के प्रवास के दौरान पुलिस कंट्रोल रूम में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में पिछले दो माह की पुलिस उपलब्धियों का लेखा-जोखा देखा गया और आगामी लक्ष्यों को लेकर कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी और थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

केंद्र सरकार के संकल्प को दोहराते हुए डीआईजी अतुल सिंह ने आगामी तीन वर्षों में देश को पूर्णतः मादक पदार्थ मुक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कार्यवाही शुरू करने के



निर्देश दिए। उन्होंने इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए अपनी कार्ययोजना साझा की। नशे के कारोबार से जुड़े 'शैडो एरिया' को चिन्हित कर उनकी चेन तोड़ने पर विशेष फोकस रहेगा। नशे की गिरफ्त में आए लोगों के पुनर्वास और जन-जागरण के माध्यम से समाज की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। 1 अप्रैल 2026 से शुरू हुए 'ऑपरेशन मुस्कान' को लेकर डीआईजी ने विशेष संवेदनशीलता दिखाई। उन्होंने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य उन परिवारों की मुस्कान वापस लाना है जिनके बच्चे (अवयस्क किशोर-किशोरी) घर से लापता हैं। पिछले दो महीनों में देश के दूर-दराज के शहरों से नाबालिगों को बरामद करने पर उन्होंने संतोष जताया और इसे और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

### शीघ्र निबटायें लंबित मामले

बैठक के दौरान जिले की कानून व्यवस्था को लेकर भी कड़े रुख अपनाए गए। धारा 173(8) जा.फौ. के तहत लंबित पुराने प्रकरणों और जिनमें गिरफ्तारियां अभी शेष हैं, उनकी विस्तृत समीक्षा की गई। डीआईजी ने सभी राजपत्रित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित मामलों का निराकरण शीघ्र अति शीघ्र किया जाए। बैठक की शुरुआत में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन (PPT) के माध्यम से विगत दो महीनों में कटनी जिले द्वारा प्राप्त की गई सफलताओं और लक्ष्यों की जानकारी साझा की।

## कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों का किया गया सम्मान



सुधा स्मृति स्कूल बरही करौंदीखुर्द में वार्षिक परीक्षा परिणाम ओपन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत बड़वारा की अध्यक्ष श्रीमती सुधा घनश्याम जायसवाल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता वीरेंद्र जायसवाल ने की। विद्यालय के सभी शिक्षकों को शाल, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। अभिभावक घनश्याम जायसवाल ने कहा सुधा स्मृति स्कूल सिर्फ किताबी ज्ञान ही नहीं देता, बल्कि बच्चों में संस्कारों की नींव भी मजबूत करता है। यहाँ के शिक्षक हमारे बच्चों को अपने बच्चों की तरह पढ़ाते हैं। कार्यक्रम के अंत में स्कूल डायरेक्टर रमाकांत मिश्रा ने सभी अभिभावकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्टाफ सदस्य तथा बड़ी संख्या में अभिभावकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के संचालक आर के मिश्रा ने किया।

# महापौर ने सुनी नागरिकों की समस्यायें

हरिभूमि न्यूज कटनी

बालाजी नगर क्षेत्र में नाले को लेकर मिल रही शिकायतों पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने त्वरित संज्ञान लेते हुए स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ एमआईसी सदस्य, संबंधित अधिकारी एवं स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे।

महापौर के पहुंचते ही क्षेत्रीय नागरिकों ने अपनी समस्याएं विस्तार से रखते हुए नाले के निर्माण में आई खामियों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। नागरिकों ने बताया कि नाले में जगह-जगह अप-डाउन होने के कारण पानी का प्रवाह बाधित हो रहा है, जिससे जल निकासी प्रभावित हो रही है और कई स्थानों पर पानी रुकने से जलभराव की स्थिति बन रही है।

महापौर श्रीमती सूरी ने नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से लेते



हुए पूरे क्षेत्र का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने नाले की संरचना, ढाल (स्लोप) एवं जल प्रवाह की स्थिति को देखते हुए संबंधित ठेकेदार एवं अधिकारियों को निर्देशित किया कि नाले में मौजूद सभी खामियों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल दूर किया जाए तथा पानी की सुचारू निकासी सुनिश्चित की जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं, बल्कि नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुगम मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान नागरिकों ने महापौर द्वारा त्वरित कार्रवाई और मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान कराने के प्रयासों की सराहना करते हुए जल्द सुधार की उम्मीद जताई।

ढीमरखेड़ा पुलिस ने की कार्यवाही, आरोपितों में एक अपचारी बालक भी शामिल

# नाबालिगा का अपहरण करने वाले तीन आरोपित गिरफ्तार, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा पुलिस ने नाबालिग के अपहरणकर्ता को गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया व एसडीओपी श्रीमति आंकाक्षा चतुर्वेदी के निर्देशन मे थाना प्रभारी ढीमरखेडा अभिषेक चौबे के नेतृत्व में ऑपरेशन मुस्कान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार दिनांक 03.04.26 को रात्रि करीब 2:30 बजे प्रार्थी के द्वारा थाना में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी लडकी अपने मामा के घर से रामलीला देखने को कह कर घर से गई थी जहां से कुछ लोग उसे बोलोरो गाड़ी में उठाकर ले गए हैं।



प्रार्थी की रिपोर्ट पर प्रकरण पंजीबद्ध कर पुलिस टीम के दो अलग-अलग दलों को रात्रि में ही अपहर्ता की पतासाजी के लिए रवाना किया गया। चौतरफा नाकाबंदी की गई। जानकारी प्राप्त हुई कि तीन लोग काली बोलोरो गाडी से आये और नाबालिका लडकी को उठा कर ले गये जो मामले को गंभीरता को देखते हुए अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया। कंट्रोल रूम के माध्यम से सभी सरहदी थानों को सूचना देकर नाकाबंदी की गई। पुलिस द्वारा मेहनत करते हुए बालिका को सुरक्षित दस्तयाब किया और आरोपीयान को गिरफ्तार भी किया।

घटना में प्रयुक्त बोलोरो गाड़ी को भी जप्त किया गया है । आरोपी 01. राज बागरी पिता मुन्नीलाल बागरी 20 साल निवासी महुदा थाना सिंगपुर 02. विनय पिता अवधेश बागरी 20 साल निवासी रिकआकला नागौद 03. अपचारी बालक है। आरोपियों में मुख्य अभियुक्त बाल अपचारी है। प्रकरण के आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से 2 आरोपियों को जेल दाखिल करने के आदेश दिए गए हैं। जबकि बाल अपचारी को बाल सुधार गृह भेजा गया है।

उपरोक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरी. अभिषेक चौबे, सउनि संतोष विश्वकर्मा, आर. पंकज, आर. गंधर्व सिंह, आर अजय धुर्वे, आर रंजीत सिंह, म.आर. शालनी राजपूत और साइबर सेल से आरक्षक अमित का विशेष योगदान रहा।

विद्यार्थियों के साथ अन्य योजनाओं के लाभार्थी भी आधार कैंपों में करा सकेंगे आधार अपडेट

# जिले के सभी विकासखंडों के चिन्हित स्कूलों में आज से लगेंगे आधार शिविर

हरिभूमि न्यूज कटनी

जिले के स्कूलों में कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर आधार कैंप लगाकर विद्यार्थियों को आधार से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। ताकि उन्हें नामांकन और अपडेट के लिए अलग से कहीं जाने की आवश्यकता न पड़े। इसलिए विद्यार्थियों को विद्यालय स्तर पर ही आधार से संबंधित सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है।

कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देश पर इसके लिए प्रत्येक विकासखण्ड के चिन्हित स्कूलों में 6 अप्रैल से 22 अप्रैल के बीच आधार कैंपों के आयोजन के लिए पृथक -पृथक तिथियां तय की गई हैं।इन कैंपों में छात्रों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट के साथ-साथ विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आधार कार्ड में मोबाइल नंबर अद्यतन न होने के कारण ई-केवाईसी से वंचित आवेदकों का भी आधार अद्यतन कराने का दायित्व संबंधित रोजगार सहायक, पंचायत सचिव और पटवारी को सौंपा गया है। इसके लिए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण( यूआईडीएआई)द्वारा अपडेशन के लिए निर्धारित शुल्क संबंधित से लिया जायेगा।

शालाओं के प्रधानाध्याआपकों को निर्देशित किया गया है कि वे यूडीआईएसई-प्लस पोर्टल से उन विद्यार्थियों की सूची अद्यतन कर लें जिनके आधार में एमबीयू पेंडिंग हैं। ऐसे विद्यार्थियों को आधार अपडेट कराने के लिये जागरूक किया जाए और उन्हें आधार कैंपों में बुलाया जाये। ताकि आधार अपडेट किया जा सके।

### इन तिथियों में लगेंगे शिविर

जारी शिविर कार्यक्रम के अनुसार विकासखंड कटनी के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल चाका, शासकीय हाई स्कूल हिरवारा, शासकीय मॉडल स्कूल रॉबर्ट लाइन हॉस्टल में 6 अप्रैल से 10 अप्रैल तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार शासकीय हाईस्कूसल मझगवां फाटक में 11 अप्रैल से 21 अप्रैल तक, शासकीय न्यूर गर्ल्सैं हायर सेकेण्डसरी स्कूाल कन्हववारा में 11 अप्रैल से 18 अप्रैल तक, शासकीय हायर सेकेण्डंरी स्कूणल पिपरौंध में 11 अप्रैल से 17 अप्रैल तक, शासकीय हाईस्कूल कुठला में 18 अप्रैल से 24 अप्रैल तक शिविर का आयोजन किया जाएगा।

विकासखण्ड बड़वारा के अंतर्गत सरस्वगती हायर सेकेण्डकरी स्कूील बरही और हायर सेकेण्ड्री स्कूाल बरही में 6 अप्रैल से 10 अप्रैल तक, शासकीय प्राइमरी स्कूील नन्हैवारा सेझा में 11 अप्रैल से 16 अप्रैल तक, शासकीय हायर सेकेण्डररी स्कूशल भुड़सा में 11 अप्रैल से 17 अप्रैल तक शिविर का आयोजन किया जाएगा।

विकासखण्ड बहोरीबंद के अंतर्गत इंटीग्रेटेड मॉडल स्कूगल कुआं में 6 अप्रैल से 11 अप्रैल तक, इंटीग्रेटड हायर सेकेण्डंरी स्कूल दीता में 6 अप्रैल से 9 अप्रैल तक, इंटीग्रेटेड हायर सेकेण्ड,री स्कूटल कूड़ा में 6 अप्रैल से 10 अप्रैल तक, ग्रेस मिशन स्कू ल स्ली मनाबाद में 13 अप्रैल से 21 अप्रैल तक, शासकीय हाई स्कूतल रामपाटन में 10 अप्रैल से 16 अप्रैल तक शिविर का आयोजन किया जाएगा।

विकासखण्ड रीठी अंतर्गत शासकीय मॉडल स्कू।ल खरखरी में 6 अप्रैल से 9 अप्रैल तक, शासकीय मॉडल स्कूंल बरखेड़ा में 6 अप्रैल से 8 अप्रैल तक, शासकीय हायर सेकेण्डतरी स्कूील देवगांव में 10 अप्रैल से 16 अप्रैल तक, शासकीय हायर सेकेण्डकरी स्कूसल गुर्जीकला में 9 अप्रैल से 16 अप्रैल तक, गर्ल्स मॉडल स्कूरल बिलहरी में 17 अप्रैल से 22 अप्रैल तक शिविर का आयोजन किया जाएगा।

विजयराघवगढ़ अंतर्गत शासकीय एक्सीलैंस हायर सेकेण्डॉरी स्कूबल विजयराघवगढ़ में 6 अप्रैल से 13 अप्रैल तक, शासकीय हायर सेकेण्डसरी स्कूल कांटी में 6 अप्रैल से 11 अप्रैल तक, लक्ष्मीत कन्वेंट पब्लिक स्कूल देवराकला में 15 से 21 अप्रैल तक, डीएव्हीर पब्लिक स्कूल कुटेश्वेर में 15 अप्रैल से 21 अप्रैल तक, हायर सेकेण्डवरी स्कू ल एसीसी कैमोर में 22 अप्रैल से 27 अप्रैल तक शिविर का आयोजन किया जाएगा।

विकासखण्ड ढीमरखेड़ा अंतर्गत सरस्वोती स्कूकल उमरियापान में 6 अप्रैल से 10 अप्रैल तक, शासकीय हायर सेकेण्डसरी स्कूसल पहरूआ में 6 अप्रैल से 11 अप्रैल तक, शासकीय एक्सी,लैंस हायर सेकेण्डणरी स्कूसल उमरियापान में 6 अप्रैल से 10 अप्रैल तक, पद्मा पब्लिक हायर सेकेण्डसरी स्कूल में 11 अप्रैल से 17 अप्रैल तक, महर्षि विद्या मंदिर बनहरी में 13 अप्रैल से 18 अप्रैल तक शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# करोड़ों की धोखाधड़ी के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज कटनी

बिलहरी चौकी पुलिस ने करोड़ों रुपए के लेनदेन से जुड़े मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चिसीया के मार्गदर्शन में थाना कुठला प्रभारी राजेंद्र मिश्रा एवं चौकी प्रभारी बिलहरी सुयश पांडे की टीम ने कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार रोशन नगर निवासी राजेंद्र विश्वकर्मा की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में बताया गया कि आर्यवत शिक्षा समिति को डोनेशन दिलाने के नाम पर जीशान नामक व्यक्ति ने संस्था का एक्सिस बैंक खाता प्राप्त कर करीब 4.26 करोड़ रुपए का संदिग्ध लेनदेन कर



धोखाधड़ी की। मामले की विवेचना के दौरान खाते की व्यवस्था कराने वाले आरोपी चार्ल्स रॉड्रिक्स 46 निवासी रोशन नगर थाना एनकेजे को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

कार्रवाई में थाना प्रभारी राजेंद्र मिश्रा, चौकी प्रभारी सुयश पांडे, सहायक उपनिरीक्षक दामोदर राव, प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र यादव, भरत विश्वकर्मा, आरक्षक लव उपाध्याय एवं संदीप भलावी की भूमिका रही।

खबर संक्षेप

## पुलिस ने जुआ फड़ पर मारा छापा

**दमोह।** पटेरा पुलिस ने जुआ फड़ पर कार्यवाही की है। जानकारी के अनुसार थाना पटेरा में दिनांक 04.04.26 को मुखविर की सूचना ग्राम नागमणि के पास लोगो द्वारा जुआ खेलने की सूचना प्राप्त हुई जिसे वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराकर पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एवं एसडीओपी महोदय हटा के मार्गदर्शन में थाना पटेरा पुलिस द्वारा ग्राम नागमणि तिघरा नाला के किनारे गजराज सिंह के खेत के पास में रेड कार्यवाही की गई जिसमे चार आरोपियो 01.लोटन सिंह पिता फूल सिंह लोधी उम्र 30 बर्ष निवासी कुड़ई 2.विशाल सिंह उम्र 52 बर्ष निवासी नागमणि 3.गब्बर सिंह उम्र 40 बर्ष निवासी बेला 4.केशव पटैल उम्र 40 बर्ष निवासी विलाई थाना हिण्डोरिया को मौके से पकड़ा गया एवं अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गये। पकडे गए आरोपियो से एवं फड से कुल 25700 एवं तास की गड्डी जप्त की गई। रेड कार्यवाही पर थाना पटेरा में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया अन्य आरोपियो की तलाश जारी हैं। सराहनीय कार्य करने बाले अधिकारी कर्मचारी में थाना प्रभारी पटेरा उप निरीक्षक धर्मेन्द्र गुर्जर,उनि संतोष सिंह, प्र.आरक्षक लालबहादुर सिंह आर. ब्रजेश आर.आर. नीतेश आर. सुरेश सिंह आर., आऱक्षक बालमुकुंद,आर. राघवेन्द्र सिंह आर. चालक सतीष गुरू की सराहनीय भूमिका रही।

## शराब दुकान बंद फिर भी शराब की किल्लत नहीं

**पथरिया।** नगर में मार्च में शराब दुकान की नीलामी होने के बाद एक दुकान का टेंडर प्रक्रिया हो चुकी लेकिन दूसरी की जिस दुकान का टेंडर हो गया। वह भी 5-6 दिन होने के बाद चालू नही हो पाई लेकिन सोचने वाली बात है कि अभी तक कही से कोई खबर नही मिल रही कि नगर में शराब की कमी है। पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति हो रही है। नगर के रेस्टोरेंट में तक शराब बिक रही है लेकिन उसके बाद भी ना जाने ऐसा क्या है कि कार्यवाही नही हो पा रही हैं जो चर्चा का विषय बना हुआ है।

## महुआ बीनने गई महिला को सांप ने डसा

**तेंदूखेड़ा।** रविवार की सुबह 11 बजे एक महिला को सांप ने डंस लिया जिसे गंभीर हालत में नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां डाक्टरों द्वारा महिला का इलाज किया गया जहां महिला की हालत में कुछ सुधार होने पर जबलपुर रेफर किया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार संध्या पिता लक्ष्मण गौड़ उम्र 30 निवासी बैलबाड़ा थाना तेंदूखेड़ा है जो जलहरी के पास खेतों में महुआ बीनने गई थी। उसी दौरान सांप ने काट लिया जहां परिजन महिला को झाड़-फूंक के चक्कर में ना पड़ कर सीधे ही स्वास्थ्य केंद्र ले आए जहां पर महिला की जान बच गई महिला अब खतरे के बाहर है लेकिन अच्छा उपचार हेतु महिला को जबलपुर रेफर किया गया है।

## नगर में बिना फिल्टर युक्त पानी की हो रही सप्लाई

**पथरिया।** नगर में मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना अंतर्गत आपूर्ति की जाती है जिसमें हर घर में फिल्टर युक्त पानी पहुंचना चाहिए लेकिन सोचने वाली बात है कि जो घरों में सप्लाई का पानी पहुंच रहा है उसको देखकर कोई भी नही कह सकता है कि यह शुद्ध पानी है जबकि नगर परिषद द्वारा फिल्टर पर मेंटीनेंस पर पैसा खर्च किया जा रहा है पर ना जाने उसके बाद भी पानी साफ नही घरों पहुंच पा रहा है। जिला कलेक्टर से मांग है कि नगर में जो जल सप्लाई की जा रही है उसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए कि आखिर किस तरह से सप्लाई की जा रही है। नगर के वार्ड क्रमांक 05 के नागरिक मजबूर है पाईप फूटे हुए होने के कारण गंदी नालियों का पानी सप्लाई कर दिया जाता है जिससे बीमारी फैलने की आशंका बढ़ गई है आजाद भारत पार्टी मंडल अध्यक्ष ने कहा शिकायत करने पर कही से शुद्ध जल लाकर जांच करा दी जाती है।

### बेटे पर संदेह - ग्रामीणों ने बेटे पर हत्या की आंशका जताई, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही होगा खुलासा

# कच्चे घर में लगी आग, मलबा हटा तो महिला का मिला अधजला शव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा/झलौन

थाना क्षेत्र के ग्राम सेहरी में शनिवार रात एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जिसमें 65 वर्षीय हल्की बाई पति स्व. हरिराम यादव की आग लगने से जलकर मौत हो गई। घटना व्यारमा नदी के पास बने एक कच्चे मकान में हुई, जहां रात करीब 11 बजे ग्रामीणों ने आग की लपटें उठती देखीं सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और स्वयं पाइप के माध्यम से आग बुझाने का प्रयास किया। साथ ही फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। करीब रात 12 बजे फायर ब्रिगेड और पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया घटना के समय महिला का बेटा संतोष यादव (35) घर पर नहीं था। ग्रामीणों ने कई बार उसे फोन किया, लेकिन उसने फोन रिसीव नहीं किया। अगले दिन रविवार सुबह वह गांव पहुंचा और अनभिज्ञता जताते हुए कहा कि किसी ने उसके घर में आग लगा दी है और उसकी मां लापता है



उसने जंगल में खोजने का दिखावा भी किया, जिससे ग्रामीणों को उस पर संदेह हुआ जब ग्रामीणों ने जले हुए मकान के अंदर गिरे मलबे को हटाया, तो महिला का अधजला शव भूसे के बीच मिला। शव के हाथ और मुंह तार से बंधे होने की स्थिति सामने आने पर संदेह और गहरा गया ग्रामीणों के अनुसार मृतका और उसके बेटे के बीच अक्सर विवाद होता रहता था संतोष के बारे में बताया गया कि उसका व्यवहार असामान्य था और वह नशे का आदी भी था। परिवार में मां और बेटा ही रहते थे।

### महिला के शव होने की सूचना पर सुबह पहुंची पुलिस

वहीं जिस घर में आगजनी की घटना हुई है उसके अंदर महिला का अधजला शव मिलने की की घटना सामने आते ही सेहरी ग्राम व आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया साथ ही सूचना पर तेंदूखेड़ा एसडीओपी अर्चना अहीर, थाना प्रभारी रविंद्र बागरी एएसआई गजराण सिंह ठाकुर प्रधान आरक्षक बृजेश तिवारी सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### बेटे ने मां को बचाने की नहीं की कोशिश

घटना को लेकर ग्रामीणों ने कई सवाल उठाए हैं उनका कहना है कि घर के अंदर सिर्फ मां और बेटा ही मौजूद थे। आग लगने की जानकारी भी बेटे ने ही दी पुलिस को दी थी लेकिन बेटा सुरक्षित बाहर निकल आया, लेकिन मां को बचाने की कोशिश नहीं की जिससे संदेह गहरा गया।

### हर पहलू पर जांच

इस संबंध में तेंदूखेड़ा एसडीओपी अर्चना अहीर ने बताया कि मर्ग कायम कर जांच की जा रही है ग्रामीणों द्वारा बेटे पर लगाए गए आरोपों की भी जांच की जा रही है, लेकिन वास्तविक स्थिति पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगी।

**अर्चना अहीर,एसडीओपी**

वहीं थाना प्रभारी रविंद्र बागरी ने कहा कि फिलहाल आग लगने से मौत की सूचना है हत्या की पुष्टि नहीं हुई है बेटे से पूछताछ जारी है और मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

**रविंद्र बागरी, थाना प्रभारी तेंदूखेड़ा**

## सूने घर में चोरी का आरोपी गिरफ्तार, सामान जब्त



**दमोह।** कोतवाली पुलिस द्वारा सूने घर में चोरी करने वाले पर शिकंजा कसते हुये चोरी गये कीमति जेवरात सहित अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली दमोह के पुलिस सहायता केन्द्र बजरिया पर प्रार्थी नईम कुरैशी पिता नदीम कुरैशी उम्र 25 साल निवासी नूरी नगर दमोह के सूने घर में दिनांक 01/04/26 की रात चोरो द्वारा ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। घर रखे करीब 857 ग्राम चांदी के जेवरात और 04 ग्राम सोने के जेवरात, एक मोबाईल सभी सामान कीमती करीब तीन लाख सोलह हजार रूपये का कोई अज्ञात चोरी चुरा कर ले जाने की सूचना फरियादी ने पुलिस को दी। प्रार्थी की इस रिपोर्ट से अपराध क्रमांक अपराध क्रमांक 329/26 धारा 331 (3), 305(1) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस द्वारा की गई त्वरित कार्यवाही प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक दमोह श्रुतकीर्ति सोमवंशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत भदौरिया, नगर पुलिस अधीक्षक महोदय एच0आर0 पांडेय के मार्गदर्शन और निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाली दमोह मनीष कुमार के नेतत्व में पुलिस सहायता केन्द्र प्रभारी सउनि राकेश पाठक के द्वारा उक्त प्रकरण की शीघ्र विवेचना कर अज्ञात आरोपी की पला तलाश करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त प्रकरण की तत्काल सूक्ष्म विवेचना कार्यवाही करते हुये, उक्ल प्रकरण के अज्ञात आरोपी की पता तलाश की गई। प्रकरण की तत्काल विवेचना एवं सटीक मुखविरी के आधार पर प्रकरण के अज्ञात आरोपी को तलाश किया गया जो आरोपी परवेज कुरैशी पिता इस्लाम कुरैशी उम्र 26 साल निवासी नूरीनगर दमोह थाना कोतवाली जिला दमोह के द्वारा उक्त प्रकरण में चोरी किया। माल मशरूका को चोरी करना सिद्ध पाया गया । जिसको दिनांक 04/04/26 को गिर0 कर उससे चोरी किया हुआ संपूर्ण मशरूका चांदी सोने के जेवरात और मोबाईल कीमती करीब तीन लाख सोलह हजार रूपये के 24 घंटे की अवधि के पूर्व बरामद कर जप्त किये गये। आरोपी उक्त को माननीय श्रीमान सीजेएम महोदय दमोह के न्यायालय में ज्यूडिशियल रिमांड पर पेश किया गया। सराहनीय कार्य करने वालों में निरीक्षक मनीष कुमार थाना प्रभारी कोतवाली दमोह, सउनि राकेश पाठक पुलिस सहायता केन्द्र प्रभारी बजरिया प्रआर महेन्द्र कुमार, आर0 योगेन्द्र, आरक्षक विक्रम राठौर, नगर रक्षा समिति सदस्य कु प्रीति अहिरवार का सहयोग रहा। पुलिस टीम 24 घंटे की अवधि के भीतर चोरी हुये माल मशरूका की बरामदगी और आरोपी को गिरफ्तारी करने पर नगद राशि से पुरुष्कृत करने की घोषणा की है।

## शिक्षकों के भविष्य पर संकट, मप्र शिक्षक संघ ने सांसद राहुल सिंह को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान के समर्थन में जिला कार्यकारिणी द्वारा माननीय 'सांसद श्री राहुल सिंह' को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा के संबंध में दिए गए हालिया निर्णय के बाद उत्पन्न हुई विसंगतियों को लेकर दिया गया है। प्रमुख चिंताः 25 लाख शिक्षकों की आजीविका का प्रश्न शिक्षक संघ ने सांसद को अवगत कराया कि '1 सितंबर, 2025' को सुप्रीम कोर्ट द्वारा 'सिविल अपील संख्या 1385/2025' में दिए गए फैसले से शिक्षा जगत में गंभीर स्थिति पैदा हो गई है। अनिवार्यता इस निर्णय के अनुसार, कक्षा 1 से 8 तक कार्यरत सभी शिक्षकों के लिए (चाहे उनकी नियुक्ति कभी भी हुई हो) ज्म्ज् उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया गया ळें व्यापक प्रभावः' इस आदेश से मध्य प्रदेश के '70 हजार' और देश के करीब '25 लाख' शिक्षकों की सेवा सुरक्षा और पदोन्नति पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। कानूनी विसंगतियों पर ध्यानाकर्षण' ज्ञापन में स्पष्ट किया गया कि पूर्व के नियमों के आधार पर पुराने शिक्षक इस दायरे से बाहर थेः' 'नियम 2010ः' शिक्षा का अधिकार अधिनियम (त्ज्म्) और छब्ज्म् की अधिसूचना के तहत 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को (छूट प्राप्त) श्रेणी में रखा गया था। 'प्रभावी तिथिः' मध्य प्रदेश में ज्म्ज् की अनिवार्यता की तिथि '26 मार्च 2011' है। शिक्षकों का तर्क है कि वर्तमान न्यायिक निर्णय ने इन पुराने वैधानिक और प्रशासनिक भेदों की अनदेखी की है, जिससे कानूनी रूप से नियुक्त शिक्षक भी अब असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। सांसद से हस्तक्षेप की मांग' संघ के पदाधिकारियों ने सांसद राहुल सिंह से आग्रह किया कि इस विषय की गंभीरता को देखते हुए इसे केंद्र स्तर पर उठाया जाए। शिक्षकों का कहना है कि वर्तमान स्थिति से उनमें गहरा मानसिक तनाव और असमंजस है, जिसका सीधा असर शिक्षण कार्य और स्कूलों की स्थिरता पर पड़ सकता है। 'सांसद श्री राहुल सिंह' ने ज्ञापन प्राप्त कर शिक्षकों को आश्वस्त किया कि वे इस संवेदनशील विषय पर उचित वैधानिक हस्तक्षेप के लिए वरिष्ठ स्तर पर चर्चा करेंगे। इस अवसर पर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के संभागीय अध्यक्ष प्रमेंद्र जैन, प्रांतीय उपाध्यक्ष महेंद्र जैन,हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ आयाम के प्रांत सहसंयोजक संजय पाठक,जिला अध्यक्ष कमलेश सेन पूर्व ब्लाक अध्यक्ष भागचंद जैन, हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ आयाम के जिला संयोजक नितिन श्रीवास्तव,महेश गुप्ता,मनीष भारद्वाज, मुकेश विश्वकर्मा, संजय दुबे, निलेश जैन, नगर अध्यक्ष आरबी सिंह, अनुज रतले, आदित्य चौरसिया, संतोष रजक, विजय दुबे, सुरेश वैघ, अमित पांडे, सोनू मुड़ा, महेश सोनी, संदीप श्रीवास्तव, शिशिर तिवारी, अरविंद गर्ग, रूपचंद पटेल, अमित अठ्या उपस्थित रहे।

## राजस्व कर्मचारी संघ जिला कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न

**दमोह।** राजस्व कर्मचारी कल्याण संघ जिला कार्यकारिणी की विशेष बैठक सागर नाका पर आयोजित की गई जिसमें जिला के सभी तहसीलों से आए तहसील अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों से पटवारियों राजस्व निरीक्षकों की तहसील वार समस्यायों का संकलन किया गया जिसमें प्रमुख निम्न हैं जिला में स्वामित्व एवं सिंचाई संगणना



का मानदेय का भुगतान न होना। विभिन तहसीलों में हल्कों के अतिरिक्त प्रभार असमान्य एवं अव्यावहारिक तरीके से दिए जाना कुछ तहसीलों में उपलब्ध हल्कों से अधिक पटवारी पदस्थ होंना एवं कुछ तहसीलों में पटवारियों की कमी के चलते एक पटवारि से 3-4 हल्कों पर काम करवाया जाना। छुट्टी के दिनों में भी निरंतर कार्य लिया जाना एवं बैठकें आयोजित होना तथा दमोह अनुभाग में निरंतर विभिन्न कार्यों में ड्यूटी लगना। पटवारियों की क्रमोन्नति, वेतन वृद्धि, स्थाईकरण एवं अन्य लम्बित क्लेम पटवारियों को तहसीलों से अटेचमेंट रखना। जिले से नवीन नक्शा शीटें उपलब्ध न होने से सीमांकन बंटवारा नामांतरण खरीद बिक्री नियमानुसार न हो पाना। बिना सूचना व्यपवर्तन के प्रकरणों का आनलाइन निराकरण न होना जिससे संबंधित खसरे पर कोई कार्य न हो पाना। तहसीलों में पानी की व्यवस्था न होना उक्त समस्याओं के निराकरण हेतु पहले संबंधित अनु विभाग अधिकारी महोदय को ज्ञापन दिया जाएगा और वहां से यदि निराकरण नहीं होता है तो तत्पश्चात जिले में रैली निकालकर कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र में बाघिन की नहीं मिली कोई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

वन परिक्षेत्र में बाघिन एन-6 के देखे जाने संबंधी फैल रही खबरों पर वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन परिक्षेत्र मै यह पूर्णतः नही पाई गई। वन परिक्षेत्र अधिकारी ने बताया कि शनिवार को कुछ ग्रामों में मुनादी कराई गई थी, जिसमें बाघिन के घूमने की सूचना दी गई, परंतु जांच के बाद यह जानकारी असत्य पाई गई है। रविवार को टाइगर रिजर्व से भी डॉक्टर भी परीक्षेत्र का दौरा करने आए आए थे जिन्होंने भी माना कि इस वन परिक्षेत्र में बाघिन नहीं है। उन्होंने बताया कि संबंधित बाघिन पिछले वर्ष इस क्षेत्र में आई थी, जिसके कारण वर्तमान में उसकी लोकेशन का पता लगाने के लिए वन विभाग द्वारा सतर्कता बरती जा रही है। बाघिन के गले में लगा कॉलर आईडी वर्तमान में खराब हो जाने के कारण कार्य नहीं कर रही है, जिसे बदलने की प्रक्रिया भी प्रस्तावित है। इसी कारण उसकी सटीक स्थिति का पता लगाने में कठिनाई हो रही है वन विभाग के अनुसार, उक्त बाघिन पिछले लगभग तीन माह से वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व क्षेत्र में भी नहीं देखी गई है। इसी आधार पर कुछ लोगों द्वारा यह अनुमान लगाया गया कि वह तेंदूखेड़ा क्षेत्र में देखी गई है, फिर भी हम और पता कर रहे हैं।

### इनका कहना है

इस संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी श्रेयांश जैन ने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अपुष्ट जानकारी पर विश्वास न करें यदि किसी को वन्यजीव दिखाई देता है तो तुरंत वन विभाग को सूचित करें, ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## हिनौती प्लांटेशन में तेंदुए की दस्तक, ग्रामीणों में दहशत

**तेंदूखेड़ा।** वन परिक्षेत्र अंतर्गत सेलवाडा सर्कल के अंतर्गत स्थित हिनौती में बनी बैलवाड़ा बीट के कक्ष क्रमांक आर एफ 198 बर्ष-2021-2022 में बनी मिश्रित प्लांटेशन में विगत दो-तीन दिनों से एक तेंदुए की सक्रियता देखी जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को उक्त तेंदुए द्वारा एक बछड़े का शिकार किया गया था। इसके पश्चात रविवार की सुबह ग्रामवासियों एवं प्लांटेशन के चौकीदार द्वारा तेंदुए को पुनः देखा गया। समिति चौकीदार, जिनका निवास भी इसी प्लांटेशन में है, एवं ग्राम के कुछ लोगों ने बताया कि उन्होंने तेंदुए को मँहुआ के पेड़ पर चढ़ते हुए प्रत्यक्ष रूप से देखा गया। इसके कुछ समय बाद तेंदुए द्वारा एक अन्य बछड़े का शिकार कर उसे जंगल की ओर ले गया। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम द्वारा स्थल का निरीक्षण किया गया, किंतु मौके पर बछड़ा नहीं मिला। इससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि तेंदुआ शिकार को अपने साथ जंगल क्षेत्र में ले गया। वन विभाग ने क्षेत्र के सभी ग्रामीणों से अपील की है कि वे अत्यंत सतर्कता बरतें, विशेषकर सुबह और शाम के समय अकेले जंगल या प्लांटेशन क्षेत्र में जाने से बचें। महुआ बीनने 6-7 लोगों से कम ना जाएं पशुधन को सुरक्षित स्थान पर बांधकर रखें तथा बच्चों को अकेले बाहर न जाने दें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या तेंदुए के दिखने की स्थिति में तुरंत वन विभाग को सूचित करें। वन विभाग की टीम लगातार क्षेत्र में निगरानी कर रही है तथा आवश्यक सुरक्षा उपाय किए जा रहे हैं। ग्रामीणों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, अतः सभी से सहयोग एवं सावधानी बरतने का अनुरोध किया जाता है। इनका कहना-- सहायक वन परिक्षेत्र भगवान दास सेन ने जानकारी देते हुए बताया कि प्लांटेशन श्रमिकों एवं ग्रामीणों द्वारा तेंदुए के पेड़ पर चढ़ने की पुष्टि की गई है। मँहुआ के पेड़ पर तेंदुए के पंजों के स्पष्ट निशान भी पाए गए हैं, जो उसकी उपस्थिति की पुष्टि करते हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग द्वारा आसपास के ग्रामों में मुनादी कराई गई है।

# घर घर नल कनेक्शन फिर भी गांव से दूर नदी का दूषित पानी पीने मजबूर जरुआ ग्रामवासी

**तेंदूखेड़ा।** जिले के तेंदूखेड़ा ब्लाक में आज भी ऐसे कई गांव हैं, जहां रहने वाले ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं से वंचित है और उनकी समस्याओं पर मंत्री, विधायक, सरपंच से लेकर कोई भी अधिकारी-कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। हां, इतना जरूर है कि, जब भी चुनाव आते हैं तो अधिकारी-नेता गांव जाकर कई लुभावने वादे कर आते हैं लेकिन चुनाव संपन्न होने के बाद कोई भी जिम्मेदार गांवों की तरफ नहीं देखता है नतीजन ग्रामीण आज भी बदहाल जीवन व्यतीत करने मजबूर नजर आ रहे हैं। ब्लॉक का ऐसा ही एक गांव जरूआ है। ये गांव इमलीडोल ग्राम पंचायत के आश्रित है। इस गांव की आबादी 300-400 के करीब है। वहीं 200 से 250 करीब मतदाता हैं लेकिन जरूआ वासी शासन से मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। पूर्व में ग्रामीण, समस्याओं का निराकरण कराने के लिए पंचायत से लेकर ब्लॉक, जिला तक गए लेकिन जब समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो विवाद हुआ और दर्जनों लोग जेल भी गए लेकिन इसके बाद भी गांव का विकास नहीं हो पाया। नतीजा अब जरूआ वासियों का शासन-प्रशासन में बैठे नेता और अधिकारियों से विश्वास उठ गया है। वे आज भी ऐसा जीवन यापन कर रहे हैं, जिसकी तुलना करना मुश्किल है।

### शोपीस बनकर रह गई योजना

ग्राम जरुआ में पानी की दिक्कत इसलिए खड़ी हो गई है, क्योंकि यहां पर सतधरू योजना के तहत जो कनेक्शन किए गए थे वो कहीं-कहीं हुए ही नहीं है तो वहीं दूसरी ओर जो कनेक्शन हुए हैं तो लोगों के घरों में पानी ही नहीं पहुंच रहा है ग्राम के लोगों ने बताया कि जरुआ गांव में सतधरू परियोजना के तहत घर घर पानी और नल जल कनेक्शन देने की योजना थी लेकिन यह योजना फिर कागजों तक सीमित दिखाई दे रही है क्योंकि लोगों के घरों में महीने भर में 10 दिन ही पानी पहुंच रहा है वो भी लोगों के खर्च के हिसाब से पर्याप्त नहीं है लोगों को पानी के परेशान होना पड़ रहा है इस योजना के अधिकारियों द्वारा सिर्फ एक हफ्ते तक 8 दिन पहले नल चालू किए गए थे, लेकिन जब से सप्लाई बंद है और आज तक चालू नहीं हुई है। जिसके कारण लोगों को दिक्कत हो रही है साथ ही लोगों के घरों में लगे नल कनेक्शनों में धीमी गति से पानी आता है जिसके कारण लोगों का पीने लायक ही पानी भर पाता है।

### आवागमन के लिए बदहाल मार्ग

जरुआ में रहने वाले लोगों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पानी, राशन के अलावा आवागमन के लिए पक्का रास्ता नहीं है कई परिवार को आवास योजना का लाभ नहीं मिलने से कच्चे घर-टपरों में रहने मजबूर हैं। यहां यादव समाज के साथ ही आदिवासी समाज के लोग ज्यादा हैं जिनमें अधिकतर मजदूर, गरीब एवं खेती हर है ग्रामीणों ने बताया कि जरुआ उनका पैतृक गांव है इसलिए वह उसे छोड़ना नहीं चाहते हैं लेकिन यहां रहकर जीवन यापन करना बड़ा मुश्किल है क्योंकि आने-जाने



के लिए पक्का मार्ग नहीं है। जंगली और उबड़ खाबड़ मार्ग से आवागमन करना पड़ता है प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभग्रामीणों को नहीं मिला है, जिस कारण कच्चे घर और झोपड़ी में रहने मजबूर है। मार्ग की सुविधा के लिए लगातार मांग करते आ रहे है पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है

### चुनाव के समय ही आते हैं नेता और अधिकारी

ग्राम के हीरा यादव, गुड्डा आदिवासी ने बताया कि चुनाव के समय ही यहां नेता वोट मांगने और अधिकारी मतदान कराने के लिए आते हैं। जब उनसे यहां की समस्या बताकर निराकरण के लिए कहा जाता है तो हर बार आश्वासन देकर चले जाते है और जैसे ही चुनाव संपन्न होते है, तो फिर कोई भी जिम्मेदार नहीं आता है। ग्राम जरुआ में आज तक कोई भी शासकीय कैंप नहीं लगा है और विकास यात्रा भी नहीं आई है अब ग्रामीण आने वाले समय में मतदान का बहिष्कार करने की बात कह रहे हैं वहीं इस मामले को लेकर जब जनपद सीईओ मनीष बागरी से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया जिसके कारण बात नहीं हो सकी ।

### इनका कहना है

इस संबंध में ग्राम पंचायत के सचिव भगवानदास यादव ने बताया है पानी की समस्या तो है जिसके निराकरण के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है सतधरु योजना के तहत घर घर कनेक्शन और पानी सप्लाई चालू है लेकिन लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है जिसके लिए मैंने जल निगम के अधिकारी कर्मचारी को पत्राचार किया है हर दिन पर्याप्त पानी की मांग की है साथ ही अन्य विकास कार्य के लिए प्रयास किया जा रहा है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मै शैलेश कुमार नायक उम्र 56 वर्ष पिता स्व. शंकर लाल नायक निवासी फुटेरा वार्ड नं. 04 मोहल्ला बड़ी देवी के पीछे हटा रोड दमोह तह. व जिला दमोह शपथपूर्वक निम्न कथन करता हू - यह कि मैं आर्मी नंबर JC310015P एक्स सूबेदार क्लर्क शैलेश कुमार नायक 31 दिसम्बर 2020 को रिटायर्ड हुआ था। यह कि मेरी पत्नी का नाम RANEE NAYAK है एवं जिनकी DOB 01/07/1976 है व मेरी पत्नी के आधारकार्ड, पेन कार्ड, समग्र आईडी में यही नाम दर्ज है। अतः मेरी पत्नी का नाम, मेरे सर्विस रिकार्ड में सही दर्ज किया जाये। यह कि मेरी बेटी का नाम VAISHALI NAYAK है एवं जिनकी DOB 03/09/1999 है व मेरी बेटी के आधार कार्ड, पेन कार्ड, समग्र आईडी में यही नाम दर्ज हैं। अतः मेरी बेटी का नाम, मेरे सर्विस रिकार्ड में सही दर्ज किया जाये। यह कि मेरे बेटे का नाम VISHAL NAYAK है एवं जिनका DOB 31/01/2006 है मेरे बेटे के आधार कार्ड, पेन कार्ड, समग्र आईडी में यही नाम दर्ज है। अतः मेरे बेटे का नाम मेरे सर्विस रिकार्ड में सही दर्ज किया जाये।

शपथकर्ता
शैलेन्द्र कुमार नायक